# <u>राजस्थान लोक सेवा आयोग, अजमेर</u>

## <u>प्रेस–नोट</u>

एफ.6–ए(03) परीक्षा'क' / प्राध्यापक–संस्कृत शिक्षा / आरपीएससी / 2023–24 / 74 दिनांकः– 16.05.2024

### <u>ऑनलाईन विस्तृत आवेदन के संबंध में</u>

प्राध्यापक–विद्यालय (संस्कृत शिक्षा) प्रतियोगी परीक्षा–2024 **विषय–सामान्य व्याकरण एवं हिन्दी हेतु दिनांक 09.04.2025 विषय–व्याकरण एवं अंग्रेजी हेतु दिनांक 16.04.2025, राजनीति विज्ञान एवं साहित्य हेतु दिनांक 21.04.2025 तथा यजुर्वेद एवं इतिहास** हेतु दिनांक 22.04.2025 को घोषित विचारित सूची में सफल अभ्यर्थियों से ऑनलाईन विस्तृत आवेदन–पत्र भरने हेतु आयोग द्वारा **विषय–सामान्य व्याकरण एवं हिन्दी** हेतु दिनांक 17.04.2025 से दिनांक 23.04.2025 तक, **विषय व्याकरण व अंग्रेजी** हेतु दिनांक 23.04.2025 से 29.04.2025 तक, **राजनीति विज्ञान व साहित्य** हेतु दिनांक 28.04.2025 से दिनांक 04.05.2025 तक तथा **यजुर्वेद एवं इतिहास** हेतु दिनांक 29.04.2025 से दिनांक 05.05.2025 (रात्रि 11:59 बजे) तक अवसर दिया गया।

इसके उपरांत ऑनलाईन विस्तृत आवेदन पत्र नहीं भरने वाले कतिपय अभ्यर्थियों को दिनांक 09.05.2025 से 12.05.2025 तक पुनः आवेदन भरने का अवसर दिया जाकर जरिये प्रेस–विज्ञप्ति व प्रेस नोट दिनांक 07.05.2025 द्वारा एवं एस.एम.एस. व ई–मेल द्वारा भी सूचित किया गया था।

उक्तानुसार अवसर दिये जाने के उपरांत भी कतिपय 05 अभ्यर्थियों ने इस अवधि में ऑनलाईन विस्तृत आवेदन पत्र नहीं भरा है, ऐसे 05 अभ्यर्थियों के विषयवार नाम, रोल नं. की सूची आयोग की वेबसाईट www.rpsc.rajasthan.gov.in पर उपलब्ध है। उन्हे प्रेस नोट दिनांक 16.04.2025, 23.04.2025 एवं प्रेस नोट व प्रेस विज्ञप्ति 07.05.2025 के क्रम में ऑनलाईन विस्तृत आवेदन पत्र भरने हेतु अंतिम अवसर **दिनांक 17.05.2025 से 18.05.2025 (रात्रि 11:59 बजे)** तक प्रदान किया जाता है।

अभ्यर्थी ऑनलाईन विस्तृत आवेदन पत्र समयान्तर्गत भरना सुनिश्चित करें। इन अभ्यर्थियों को इनके रजिस्टर्ड मोबाईल नं. पर जरिये एस.एम.एस. व ई–मेल द्वारा भी सूचित किया गया है। अभ्यर्थियों को ऑनलाईन विस्तृत आवेदन पत्र भरने हेतु अंतिम अवसर देते हुए यह भी सूचित किया जाता है कि ऑनलाईन विस्तृत आवेदन पत्र नहीं भरने वाले, ऐसे अभ्यर्थियों को उक्त पदों हेतु इच्छुक नहीं होना मानते हुए, पात्रता जांच एवं परिणाम में विचारित नहीं किया जायेगा।

(रामनिवास मेहता)
सचिव